Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-३० अंक-०४-०५ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ फरवरी- १५ मार्च २०२० (संयुक्तअंक) पृष्ठ १२ मूल्यः१५ रु.मात्र (रंगीन सहित)

## तीन ज्योहर्तिलिंग तीर्थ को जोड़ने वाली कार्पोरेट ट्रेन महाकाल एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री ने झंडी दिखाकर किया रवाना



प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में तीन ज्योरर्तिलिंग तीर्थ स्थलों, वाराणसी, उज्जैन और ओंकारेश्व्र को जोड़ने वाली तीसरी कार्पोरेट ट्रेन महाकाल एक्सिप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया और ४३० बिस्तीरों वाले सुपर स्पैशल्टी सरकारी अस्पताल सहित ३६ विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और १४ विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। दिनांक १६.०२.२०२० को वाराणसी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक केंद्र में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्मारक स्थल के साथ स्वयं को जोड़कर आज यह क्षेत्र अपने नाम 'पडाव' के महत्व को और ज्यादा मजबूती प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सड़कों, राजमार्गो, जलमार्गो, रेलवे, विशेषकर ढांचागत सुविधाओं को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी योजनाओं के केंद्र में आत्म निर्भरता और आत्म-सहायता होने संबंधी दीनदयाल जी के विचारों के अनुरूप, सरकारी योजनाओं और सरकार की संस्कृति में इन विचारों को शामिल करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री इस बात पर बल दिया कि सरकार समाज के अंतिम व्यंक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए उस तक पहुंच बनाने का निरंतर प्रयास कर रही है।

## देश में अब कोई न पिछड़ा रहेगा न वंचितः पीयूष गोयल



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। पिछडा वैश्य महाकुंभ सम्मेलन में रेल मंत्री पियूष गोयल ने कहा कि देश में कोई पिछड़ा और वंचित नहीं रहेगा इसके लिए केन्द्र सरकार सतत प्रयास कर रही है। गोयल रविवार दिनांक २२.०२.२०२० को यहां सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे को मूर्त रूप दे रही है। उन्होने कहा कि अब न कोई पिछड़ा रहेगा और न ही कोई वंचित रहेगा। रेल मंत्री ने कहा कि मोदी जी की सोच है कि दे । में लोगों के उत्थान की जो योजनाएं लागू की जा रही हैं उनमें आर्थिक रूप से कोई न पिछड़ा रहे और न वंचित रहे सभी को इसका लाभ मिले। खासकर दूर-दराज के क्षेत्र में अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति तक उसका पूरा लाभ पहुंचाने के लिए तसंकल्पित हैं। उन्होने कहा कि वैश्य समाज के साथ भी उनकी सरकार है। इस अवसर पर उप मुख्य मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के २०२२ में ३५१ सीट जीतने पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि वह मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने का काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि ३५१ नहीं हम उन्हें ५१ सीट भी नहीं जीतने देंगे। उन्होने कहा कि मोदी ही एसे यशस्वी नेता है जिन्होने कुंभ में स्वच्छताग्रहियों के पैर पखार कर समरसता का संदेश दिया।

## वंदे भारत एक्सप्रेस ने पूरे किये एक वर्ष

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। भारत की पहली स्वदेशी सेमी-हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस जोकि टी-१८ नाम से भी प्रसिद्ध है, ने अपनी किसी भी यात्रा फेरे को रद्द किए बिना अपनी शानदार सेवा का एक वर्ष पूरा कर लिया है। वंदे भारत एक्सप्रेस के पहले रेक का उदघाटन प्रधानमंत्री द्वारा १५ फरवरी, २०१६ को नई दिल्ली और वाराणसी रेल सेवा के रूप में किया गया। इस रेलगाड़ी ने अपनी वाणिज्यिक सेवा १७ फरवरी, २०१६ को शुरू की थी। टी-१८ नाम से भी प्रसिद्ध भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन, जिसे टी-१८ भी कहा जाता है, को बाद में आधिकारिक तौर पर वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में नामांकित किया गया। रेलगाड़ी के रैक का निर्माण, इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा अक्टूबर २०१८ में किया गया था। यह रेलगाडी अनेक तकनीकी खूबियों से सुसज्जित है।

## टिकट जांच अभियानों से रेलवे को ४४.४५ करोड़ रूपये की आय

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। बेटिकट यात्रा करने, अनधिकृत यात्रा करने, हस्तांतरित टिकटों पर यात्रा करने तथा टिकटों का दुरूपयोग करने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने जनवरी, २०१६ से जनवरी, २०२० तक की अवधि के दौरान गहन टिकट जांच अभियान चलाए। जिसमें जनवरी २०२० तक ८,७१,६८३ मामले सामने आए जोकि पिछले वर्ष जनवरी, २०१६ तक आए ७,६०,६५१ मामलों की तुलना में १०.२६ः अधिक है।

बता दें कि पिछले वर्ष पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेलवे स्टेशन से मंडूवाडीह स्टेशन पर स्थानांतरित की गयी लम्बी दूरी की ७ मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों तथा विभिन्न ढाँचागत ब्लाकों के कारण रदद की गयी १६६ मेल/एक्सप्रेस/पैसेंजर रेलगाड़ियों की तुलना में इस वर्ष १६५ मेल/एक्सप्रेस एवं पैसेंजर रेलगाड़ियां रदद की गयी थी। इसके बावजूद लखनऊ मंडल ने टिकट जांच अभियानों से कुल ४४.४५ करोड़ रूपये अर्जित किए।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# गंगा नदी को स्वच्छ बनाने में हुआ महत्वप्रपूर्ण सुधार- प्रधानमंत्री




रे.स.ब्यू./संवा.वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री सिद्धान्त शिखामणि ग्रंथ मोबाइल ऐप का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह इत्तेतफाक है कि शताब्दी समारोह का आयोजन नए दशक के आरंभ में हो रहा है और यह दशक २१वीं सदी के ज्ञान विज्ञान में भारत की भूमिका को विश्व पटल पर फिर प्रतिष्ठापित करने वाला है। दिनांक १६.०२.२०२० को वाराणसी दौरे पर आए नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से श्रीसिद्धान्त शिखामणि ग्रंथ का डिजिटलीकरण युवा पीढ़ी के साथ उसके संबंधों को और मजबूत बनाएगा तथा उनके जीवन को प्रेरित भी करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा नदी को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसा केवल जनभागीदारी के कारण संभव हो सका है।

उन्होंने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत ७,००० करोड़ रुपये मूल्य की परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जबकि २१,००० करोड़ रुपये मूल्य की परियोजनाओं में कार्य प्रगति पर है।

# भाजपा महानगर कार्यकारिणी में पुरानों को भी जगह

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी की महानगर कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार दिनांक १४.०२.२०२० की रात हो गया। जिसमें महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने अपना भरोसा कई पुराने चेहरों पर भी जताया है। महानगर कार्यकारिणी में २१ सदस्यों के नाम की घोषणा की। इसमें आठ उपाध्यक्ष और मंत्री एवं चार महामंत्री के नाम शामिल है।

महामंत्री के लिए वरुण केसरवानी, कुंज बिहारी मिश्र, देवेश सिंह, उपाध्यक्ष के लिए राजू पाठक, बृजेश मिश्र, आनंद श्रीवास्तव, प्रमोद जायसवाल, गिरजेश मिश्र, राघवेंद्र सिंह, विवेक अग्रवाल, अनिल केसरवानी के नाम की घोषणा की गई, वहीं दोबारा चयन होने वाले में राजू पाठक, आनंद श्रीवास्तव, प्रमोद जायसवाल, वरुण केसरवानी,कुंज बिहारी मिश्र, देवेश सिंह, रमेश पासी, राजू राय आदि थे।

# जल के संरक्षण को लगाए गए वाटर रिसाइकिलिंग प्लांट



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। जल के महत्व को समझते हुए जल संरक्षण को साकार करने हेतु कुशल जल प्रबंधन के लिए बिलासपुर के हेमुनगर कालोनी में लगभग ७५ लाख रुपए की लागत से ५ लाख लीटर/प्रतिदिन क्षमता की वाटर रिसायकलिंग प्लांट की स्थापना की गई है। इस वाटर रिसायकलिंग प्लांट से रिसायकल्ड पानी के उपयोग के लिए इसे बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर बनाये गए १ लाख लीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक से पाइपलाइन के माध्यम से जोड़ा गया है एवं इस रिसायकल्ड पानी का उपयोग बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर १,२ एवं ३ की साफ-सफाई के साथ ही साथ तीनों प्लेटफार्म पर बनाये गए वाशिंग अप्रान की सफाई में किया जा रहा है।

इस कार्य के फलस्वरूप बिलासपुर स्टेशन में प्रतिदिन लगभग १.३ लाख लीटर स्वच्छ जल की बचत की जा रही।

# उद्यमिता हमेशा से भारत की ताकत - निर्मला सीतारमण



प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय बजट २०२०-२१ पेश करते हुए केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उद्यमशीलता हमेशा से भारत की ताकत रही है और हमारे युवा एवं युवतियां अपने उद्यमशीलता कौशल के साथ भारत के विकास में योगदान करते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम हमारे युवाओं के ज्ञान, कौशल और जोखिम लेने की उनकी क्षमता को मानते हैं। वित्त मंत्री ने युवा उद्यमियों को अंतिम छोर तक सुविधा एवं सहायता मुहैया कराने के लिए एक निवेश क्लियरेंस प्रकोष्ठ स्थापित करने और बाधाओं को दूर करने की घोषणा की।

उन्होंने पीपीपी मॉडल के तहत राज्यों के सहयोग से पांच नई स्मार्ट सिटी विकसित करने का भी प्रस्ताव दिया।

किसान रेल - सार्वजनिक और निजी भागीदारी के माध्यम से भारतीय रेल द्वारा किसान रेल सेवा शुरू करने का प्रस्ताव है। दूध, मांस और मछली आदि जैसे जल्दी खराब होने वाले उत्पादों के लिए बाधा रहित राष्ट्रीय प्रशीतन आपूर्ति श्रृंखला बनाने का प्रस्ताव। एक्सप्रेस और मालगाडियों में प्रशीतन डिब्बे लगाने का प्रस्ताव। रेल पटरियां के किनारे सौर ऊर्जा की उच्च क्षमता स्थापित की जाएगी। ४ स्टेशनों की पुनर्विकास परियोजनाएं और पीपीपी के माध्यम से १५० यात्री ट्रेनों का संचालन।आईकानिक पर्यटन गंतव्य को जोड़ने के लिए तेजस जैसी ट्रेनें। मुम्बई और अहमदाबाद के बीच हाईस्पीड ट्रेन पर सक्रियता से काम भी प्रस्ताव दिया। भारतीय रेल की उपलब्धियाः ५५० स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा। कोई मानवरहित क्रासिंग नहीं। २७००० किलोमीटर की रेल लाईन का विद्युतीकरण है।

# ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर दिसंबर-२१ तक कर लिया जाएगा पूरा- पीयूष गोयल



प.सू.का/नई दिल्ली। रेल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने साल्ट लेक सेक्टर वी और साल्ट लेक स्टेडियम को जोड़ने वाले कोलकाता मेट्रो के पूर्व-पश्चिम मेट्रो कॉरिडोर के पहले चरण का उद्घाटन किया और इसके साथ ही एक समारोह में कई अन्य रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। पीयूष गोयल ने इस अवसर पर कहा कि हावड़ा मैदान तक पूरा ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर दिसंबर २०२१ तक पूरा हो जाएगा। उन्हों ने आशा व्यक्त की कि कोलकाता मेट्रो शहर के लोगों के लिए परिवहन का पसंदीदा साधन बन जाएगा। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री बाबुल सुप्रियो, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी तथा कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे। इस कॉरिडोर का उद्घाटन ३६ साल पहले १९८४ में किया गया था। इस अवसर पर गोयल ने कटवा-अजीमगंज तथा हावड़ा और मालदा डिवीजनों के मोनिग्राम-नलहटी खंडों में २१६ करोड़ की लागत वाली १४० किलोमीटर लंबी रेल विद्युतीकरण परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। इस परियोजना से पूर्वी रेलवे के विभिन्न मार्गो पर इलेक्ट्रिक ट्रेनों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा और डीजल के रूप में ईंधन की खपत को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी।

# प्रयागराज गंगा आरती पर विशेष कवर

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज की गंगा आरती पर डाक विभाग ने विशेष कवर जारी किया है। फिलेटैलिक सोसाइटी की ओर से प्रधान डाकघर में एक समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि प्रवर अधीक्षक डाकघर संजय जी अखाड़े तथा विशेष अतिथि नरेंद्र कुमार मौर्य सहायक निदेशक पोस्टमास्टर जनरल थे।

# RPF ATHLETIC TEAM WINS ATHLETIC CHAMPIONSHIP



RSB/Chennai: Southern Railway Railway Protection Force Athletic team won the Inter Railway Athletic championship 2020 held at Zonal training centre, Nasik from 3rd February 2020. The Championship ended with a valedictory programme 5th February 2020 in which the victorious RPF team which won the Athletic Championship were awarded the trophy by Atul Pathak, Principal Chief Security Commissioner, Central Railway. RPF Constable Vinod Kannan of Southern Railway was adjudged the best male Athlete. Among his other achievements, he had made a new meet record in discuss throw by covering 44.10 metres distance. Lady Constable Divya of Southern Railway was adjudged the fastest woman of RPF at the Athletic Championship. Teams of Central Railway RPF, and Railway Protection Special Force were awarded the second and third positions in the Athletic Championship. Mr. Atul Pathak, Principal Chief Security Commissioner, RPF, Central Railway, distributed the the trophy to all the prize winners in the presence of Principal Zonal Training College, Nazik and Asokh Singal John Thomas, General Manager, Southern Railway, and Arun Kumar, Director General, RPF, and Birendra Kumar, Principal Chief Security Commissioner, Southern Railway, telephonically congratulated the victorious RPF team of Southern Railway.

# मोदी सरकार में ६५ प्रतिशत से अधिक जन शिकायतों का हुआ निपटारा - डॉ. जितेन्द्र सिंह



प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि २०१४ में नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से जन शिकायतों के मामलों में लगभग १० गुना वृद्धि हुई है और इससे पता चलता है कि सरकार में नागरिकों का कितना विश्वास है। ई-आफिस पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाषण देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि जन शिकायतें २०१४ में २ लाख से बढ़कर १६ लाख हो गई हैं, जिनमें से ६५ प्रतिशत से अधिक मामलों का निपटारा कर लिया गया है। कार्यक्रम में सीपीग्राम्स सुधारों की शुरुआत हुए उन्होंने कहा कि शासन के नागरिक केंद्रित मंडल की मांग है कि शिकायतों का निपटारा करने के लिए नागरिकों में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का मुख्य मंत्र कल्याणकारी योजनाओं के सभी लाभ अंतिम कतार में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

सीपीग्राम्स के सातवें संस्करण ने अंतिम मील शिकायत अधिकारियों का खाका तैयार किया है, समय की बचत और निपटान की गुणवत्ता में सुधार किया है। डॉ. सिंह ने कहा कि ई-शासन भारत @७५ की कुंजी होगी, जब देश २०२२ में स्वतंत्रता की ७५ वीं वर्षगांठ मनाएगा। इसे उन्होंने विजन-२०२२ भी कहा। उन्होंने कहा कि अब तक कुल ७६ मंत्रालयों/विभागों को वर्तमान चरण- III में ई-ऑफिस मिशन मोड परियोजना के तहत शामिल किया गया है।

इन ७६ में से कुल ५७ ने ८० प्रतिशत का लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि लगभग १५ लाख फाइलें डिजिटल हो चुकी हैं और हर सप्ताह लगभग १५००० डिजिटल फाइलें बनाई जा रही हैं।

# उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य को, हुए सम्मानित



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। संरक्षा कोटि के ०४ रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, गौतम बनर्जी ने ०३ फरवरी' २०२० को सम्मानित किया। संरक्षा कोटि के कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के अवसर पर प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एस. राजगोपाल, अन्य विभागाध्यक्ष, सचिव, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हिमांशु जैन, उप महाप्रबंधक (सा) एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी साकेत रंजन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# हास्य कलाकार राजपाल यादव ने संगम में लगाई डुबकी

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। माघ मेला के सेक्टर नंबर -पांच में बॉलीवुड के चर्चित हास्य अभिनेता राजपाल यादव ने अपने गुरु पं देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के शिविर में रविवार दिनांक ०२.०२.२०२० को हाजिरी लगाई और त्रिवेणी तट पर सविधि पूजा के बाद भगवान वेणी माधव का दर्शन भी किया। राजपाल यादव ने बताया कि स्वास्थ्य ठीक न होने की वजह से दद्दा शिविर अपने शिष्यों को संदेश देने के लिए नहीं आ सके हैं, लेकिन शांति और कल्याण की कामना से पार्थिव शिवलिंग बनाने का संदेश दिया है। उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म हंगामा -२ के जल्द रिलीज होने की जानकारी दी।

# प्लास्टिक पर अंकुश लगाने को, लगाई गई बोतल क्रशिंग मशीन




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद में सिंगल यूज प्लास्टिक' पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे द्वारा ५० माइक्रान से कम मोटाई की सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित कर दिया गया है। पीने के पानी की खाली बोतलों के दोबारा उपयोग पर अंकुश लगाने हेतु इलाहाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले ०६ प्रमुख स्टेशनों अलीगढ स्टेशन पर ०२, टूंडला स्टेशन पर ०१, इटावा स्टेशन पर ०१, कानपुर स्टेशन पर ०२, इलाहाबाद जं पर ०२ तथा मिर्जापुर स्टेशन पर ०१ बोतल क्रशिंग मशीन लगाई गई हैं।

इन मशीनों में खाली बोतल डालने पर कूपन प्राप्त होगा जिससे यात्रियों को फूड प्रोडक्ट पर ५% की छूट भी प्राप्त होगी। इन मशीनों के स्थापित होने से अनुपयुक्त बोतलों को नष्ट कर दिया जायेगा जिससे स्टेशन परिसर गन्दगी मुक्त होगा और स्वच्छता में वृद्धि होगी।

# गिराए गए अधिवक्ताओं के अवैध चैंबर

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। नगर निगम और शासन के तत्वावधान में कचहरी पोस्ट ऑफिस के पास बने अधिवक्ताओं के अवैध चैंबर दिनांक ०१.०२.२०२० शनिवार को देर रात गिरा दिए गए। जिससे हंगामा मचा रहा, वहीं कुछ अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया। बताया गया कि पोस्ट ऑफिस से डीएम कार्यालय तक जाने वाले सड़क के बगल में नाली पर आधा दर्जन चैंबर बनाए गए हैं, जो कि वैध नहीं हैं। जिसे प्रशासन और नगर निगम ने पूर्व में जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों को अवैध निर्माण के बारे में अवगत कराया था। वहीं जिला बार एसोसिएशन के मंत्री राकेश कुमार दुबे ने बताया कि कुछ लोग निर्माण कराकर अवैध दुकानें चला रहे हैं इसलिए एसोसिएशन को कोई आपत्ति नहीं है।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मातृभाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन

# सुजीत सिंह बने इलाहाबाद के वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/कार्य

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद मंडल में वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/कार्य का पद भार सुजीत सिंह ने संभाल लिया है। फैजाबाद, उत्तर प्रदेश के रहने वाले सुजीत सिंह कि प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा आर्मी स्कूल फैजाबाद से हुई है जहां हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात वर्ष २००६ में आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी, पुणे से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन में बी टेक की डिग्री प्राप्त की है, सुजीत सिंह २०१२ बैच के IRSSE अधिकारी है। इसके पहले मिर्जापुर में जून- २०१५ से अब तक सहायक मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/मिर्जापुर तथा मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/मिर्जापुर के पद पर कार्यरत रहे। पद भार ग्रहण करने के बाद उन्होने कहा कि हम सभी सकारात्मक सोच एवं टीम भावना से कार्य करेंगे तथा संकेत एवं दूरसंचार विभाग को नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने का पूर्ण प्रयास करेंगे।



# बरगढ़ रेलवे स्टेशन पर आरक्षित टिकट काउंटर कि सुविधा का हुआ शुभारंभ



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद मानिकपुर सेक्शन के बरगढ़ रेलवे स्टेशन पर दिनांक १३.०२.२०२० को कंप्यूटरीकृत आरक्षित टिकट काउंटर का शुभारम्भ सांसद, बाँदा, आर के सिंह पटेल के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बरगढ़ रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग अग्रवाल ने सांसद को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया एवं मंडल द्वारा किये गए कार्यों एवं योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि बरगढ़ क्षेत्र के नागरिकों को टिकट के आरक्षण हेतु १७ किमी दूर शंकरगढ़ या डभौरा जाना पड़ता था। सांसद के प्रयास से नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए बरगढ़ रेलवे स्टेशन पर कंप्यूरीकृत टिकट काउंटर की सुविधा प्रदान की गयी है, जिससे कि यहाँ के नागरिकों को दूर न जाना पड़े। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं गृह रख-रखाव प्रबंधक शिव सिंह, मंडल बिजली इंजीनियर नीरज वर्मा तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया के बंधु उपस्थित रहे।

# शहीदों की याद में निकाला कैंडल मार्च

रे.स.ब्यू./सूत्र. मंझनपुर। ऑल टीचर एंड इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों कि याद में कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और पीड़ित के परिवार को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की भी मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि दिल्ली सरकार की तर्ज पर शहीदों के परिवारीजनों को एक करोड़ की मदद राशि भी दी जाए। इस मौके पर सोहनलाल,अभिषेक सिंह, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# लोको पॉयलटों की सेवा समाप्त करने पर भड़के रेलकर्मियों ने किया प्रदर्शन

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। सिग्नल ओवर शूटिंग के केस में दो लोको पायलटों की रेल कि सेवा समाप्त होने पर भड़के रेलकर्मियों ने रविवार दिनांक ०६.०२.२०२० को इलाहाबाद जंक्शन में प्रदर्शन किया। इस दौरान रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कस यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन में कहा गया कि अगर दोनों रेलकर्मियों की रेल सेवा बहाल नहीं हुई तो देश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। बतादें कि बीते दो सप्ताह के भीतर तीन रेल कर्मियों की रेल सेवा समाप्त की गई है।

# माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य कि डुबकी

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। माघ मेला के पांचवें व अंतिम स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर पुण्य की डुबकी दिनांक ०६.०२.२०२० को लगी। माघी पूर्णिमा शनिवार की शाम चार बजे ही लग गई थी। ऐसे में सुबह से ही संगम पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ने लगा था। रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों से लेकर संगम जाने वाली हर सड़क पर लोगों के सिर पर भक्तिभाव की गठरी नजर आने लगी। मेलाधिकारी रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि अंतिम स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं।

आठ किमी लंबे संगम के २० घाटों पर होगा माघी पूर्णिमा का स्नान, सुरक्षा के लिए पूरे मेला क्षेत्र में १७४ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

# रसोई गैस के दाम में वृद्धि को हुआ जगह-जगह प्रदर्शन

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। घरेलू गैस सिलिंडर के दामों में वृद्धि को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों ने आक्रोश जताया है। नेताओं ने कहा कि बढ़ा हुआ दाम लोगों के घर का बजट बिगाड़ दिया। पहले ही सब्सिडी न आने से गैस उपभोक्ता मायूस थे। अब गैस के दाम में भारी बढ़ोत्तरी से दो जून की रोटी भी मुश्किल होगी। मीडिया प्रभारी सैयद मोहम्मद अस्करी ने बढ़ोत्तरी को चुनावी हार का बौखलाहट बताया और चेतावनी दी कि अगर इसे वापस नहीं लिया तो सपा कार्यकर्ता सड़क पर प्रदर्शन करेंगे। महानगर महासचिव योगे ा चंद्र यादव, योगेश यादव, आरएन यादव, मंजू यादव, नमिता दास, रविंद्र यादव, भोला पाल, विक्रम पटेल, आकिब जावेद, रॉबिन लोहिया आदि रहे। दूसरी ओर रोशन बाग में ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सदस्यों ने भी प्रदर्शन कर इसे वापस लेने की मांग की।

# विधवा पेंशन के नाम पर किया फर्जीवाड़ा गिरफ्तार

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। बुजुर्ग महिला के साथ विधवा पेंशन के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले एक शख्स को प्रयागराज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धूमनगंज पुलिस ने एक ऐसे जालसाज को गिरफ्तार किया है जिसने विधवा पेंशन दिलाने के नाम पर बुजुर्ग महिला से सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए और उसकी जमीन पर करोड़ों का मुआवजा सरकार से लेने की कोशिश की।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। बताया गया है कि आरोपी बहुत दिनों से फरार चल रहा था। मामला प्रयागराज के धूमनगंज थाने इलाके का है।

बुजुर्ग महिला की जमीन हाइवे में आ रही थी इसी बात का फायदा आरोपी ने उठाया। इस प्रकरण में विधवा पेंशन के नाम पर फर्जीवाड़ा करने पर धूमनगंज पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।

# शिकायतों के निराकरण को 'कर्मचारी परिवाद कैम्प' आयोजित



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। रेल कर्मचारियों कि शिकायतों के निवारण के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग द्वारा "कर्मचारी परिवाद निवारण कैम्प" का आयोजन दिनांक १३.०२.२०२० एवं १४.०२.२०२० को उत्तर मध्य रेलवे कालेज टूंडला में किया गया जिसमें कर्मचारियों की शिकायतें सुनी गई, सेवा अभिलेख दिखाए गए तथा उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। वहीं दिनांक ११.०२.२०२० एवं १२.०२.२०२० को मनोरंजन सदन अलीगढ़ में भी कर्मचारी परिवाद निवारण कैम्प का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे, सहायक कार्मिक अधिकारी लवकुश, सहायक मंडल इंजीनियर एस के शर्मा,हित निरीक्षक पराग प्रसाद तथा कार्मिक विभाग के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

सम्पादकीय

## स्वच्छता की यात्रा के पाँच वर्ष

स्वच्छता की यात्रा को पांच साल पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो अक्टूबर २०१४ को इस अभियान की शुरुआत की थी। आम लोगों के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन को भी इस महान अभियान मे जोड़ा गया और उन्हें सफाई को लेकर जागरूक किया गया। इन पांच वर्षो में साफ-सफाई का लक्ष्य भले ही पूरा न हुआ हो, मगर इसने जनता जनार्दन को झकझोरा जरूर दिया है। जिसका असर है कि आज गांवों में कई लड़कियों ने अपने ससुराल में शौचालय बनाने पर जोर दिया और इसके लिए डटी रहीं वहीं कुछ ने लड़के के यहां शौचालय न होने के कारण शादी करने से ही मना कर दिया। जागरूकता यही है की अब गांवों में लोग खुद आगे आकर शौचालय बनवा रहे हैं। शहरों को स्वच्छता की रैंकिंग देने से प्रशासनिक अमले में एक स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना पैदा हुई है। दूसरी ओर शहर को बेहतर बनाने के लिए कई जगहों पर अधिकारियों में असाधारण सक्रियता देखी गई, जिसका सकारात्मक परिणाम निकला। कुछ शहर शुरुआत में पीछे आंके गए लेकिन अगले ही वर्ष वहां माहौल बदल गया और वे रैंकिंग में ऊपर आ गए। लेकिन स्वच्छता का लक्ष्य पूरा होने में अब भी कई गंभीर बाधाएं हैं।

## पुलवामा हमले में शहीद हुए स्व० महेश कुमार यादव को दी श्रद्धांजलि



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचंद्र गोस्वामी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने दिनांक १४.०२.२०२० को पुलवामा हमले में शहीद हुए तहसील मेजा के ग्राम पंचायत टूड़िहार के निवासी वीर सपूत स्व० महेश कुमार यादव के घर जाकर उनकी तस्वीर पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया। जिलाधिकारी ने परिवार के सदस्यों से शहीद की पत्नी एवं उनके बच्चों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने शहीद के परिवार के साथ बैठकर बात करते हुए कहा कि कोई समस्या होने पर वे सीधे हमसें सम्पर्क कर अपनी समस्या बता सकते है। इसके लिए उन्हें उनके कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही वहां पर मौजूद एसडीएम मेजा व लेखपाल को निर्देशित किया कि इनके सम्पर्क में हमेशा बने रहे।

## रसोई गैस के दाम को,कांग्रेस का प्रदर्शन

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। रसोई गैस के दाम में लगभग १५० रुपये की वृद्धि के विरोध में शहर के कांग्रेसियों ने बृहस्पतिवार दिनांक १३.०२.२०२० को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में तसलीमुद्दीन, किशोर वार्ष्णेय, संजय तिवारी, अजय श्रीवास्तव, इरशादउल्लाह, मीरादेवी आदि शामिल थे।

## बरेली समेत पांच शहरों की हवाई यात्रा अप्रैल से होगी शुरू

रे.स.ब्यू./सूत्र.। लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, हिंडन और आजमगढ़ की हवाई यात्रा का इंतजार अब जल्द खत्म होने जा रहा है। नागरिक उड्डयन विभाग ने अप्रैल में राजधानी से प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों से हवाई यात्रा शुरू करने की तैयारी की है। जिसके लिए टर्बो एविएशन से अनुबंध किया गया है। टर्बो एविएशन ने हाल ही में हिन्दुस्तान एरोन टिक्स लिमिटेड से दो छोटे हवाई जहाज खरीद के लिए एमओयू किया है। मार्च के अंत तक एचएएल से दो जहाज टर्बो एविएशन को मिलने की उम्मीद है। निदेशक सुरेंद्र सिंह के अनुसार बताया अप्रैल से लखनऊ से प्रतिदिन पांच शहरों के लिए फ्लाइट शुरू होगी। इसके बाद दूसरे चरण में आगरा, गोरखपुर और मुरादाबाद के लिए फ्लाइट शुरू की जाएगी।

## गौशालाओं के निर्माण के लम्बित कार्य समय से कराये पूरा-मण्डलायुक्त




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। मण्डलायुक्त डॉ० आशीष कुमार गोयल ने गांधी सभागार में मण्डलीय अधिकारियों के साथ के सभी जिलों के विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा बैठक की। दिनांक १३.०२.२०२० को बैठक में मण्डलायुक्त ने विकास राजस्व, आईजीआरएस, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अन्य योजनाओं की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी कौशाम्बी के साथ सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारियों सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। गो संरक्षण केन्द्र के निर्माण सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि गर्मी से पहले जानवरों के लिए टीन शेड का निर्माण कार्य करा लिया जाये, जिससे जानवरों के लिए छाया की व्यवस्था रहे।

## तम्बाकू छोड़ने पर भोला, सोमनाथ, बाबू सिंह बने रोल मॉडल



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। आधारशिला वृद्ध आश्रम नैनी में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में दिनांक १४.०२.२०२० को जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम के नोडल डॉ. वी.के मिश्रा ने तम्बाकू छोड़ने वाले लोगो को शाल एवं माला पहना कर सम्मानित किया जिसमे भोला, सोमनाथ, बाबू सिंह ने तम्बाकू एवं बीड़ी के सेवन को संकल्प लेकर छोड़ दिया हैं।राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रयास से प्रभावित होकर वृद्ध आश्रम में जीवन बिताने वाले भोला, सोमनाथ, बाबू सिंह ने तम्बाकू का सेवन बंद कर दिया। नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा-धिकारी ने कहा कि समाज में बड़े गर्व की बात है कि इस आयु में भी इन तीन लोगों ने संकल्प लेकर तम्बाकू को छोड़ा हैं। युवाओं के लिए ये एक मिसाल हैं। डॉ. शैलेश मौर्या जिला सलाहकार तम्बाकू प्रकोष्ठ एवं सोशल वर्कर सुमनलता ने बताया जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से समय समय पर आश्रम में शिविर का आयोजन किया जाता हैं।

## माघी पूर्णिमा पर २६ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। माघी पूर्णिमा पर्व पर स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। स्नानार्थियों ने प्रमुख स्नान घाटों पर बिना किसी व्यवधान के स्नान, दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। माघ महीने के इस अन्तिम प्रमुख स्नान पर्व को लेकर मेला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये थे। मेला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग २६ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ स्नान कर अपने गन्तव्य को प्रस्थान किया। पुलिस प्रशासन द्वारा सभी घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। माघ मेला २०१६-२० के सकुशल सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में दिनांक ०६.०२.२०२० को त्रिवेणी रोड स्थित प्रयागराज मेला प्राधिकरण के शिविर कार्यालय में श्री सत्यनारायण भगवान कथा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी मेलाधिकारी रजनीश मिश्र सपत्नीक एवं आला अधिकारियों ने भगवान की कथा का श्रवण करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

# प्रमोशन अब होगा काम के आधार पर: सीएम योगी आदित्यनाथ

रे.स.ब्यू./सूत्र. पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रमोशन, डिमोशन और अनिवार्य सेवानिवःत्ति अब काम के आधार पर दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिनांक २८.०२.२०२० को लोक भवन में प्रदेश के मुख्य विकास अधिकारियों तथा जिला पंचायत राज अधिकारियों के साथ स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने बचे हुए शौचालयों का निर्माण १५ मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में सॉलिड वेस्ट के उपयोग के लिए गड्ढा बनाकर उसमें सॉलिड वेस्ट इकट्ठा कर कंपोस्ट बनाने के निर्देश दिए।



प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने और सप्ताह में एक दिन विशेष सफाई अभियान चलाने की बात कही। इस बैठक में पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र चौधरी, राज्य मंत्री उपेन्द्र तिवारी, मुख्य सचिव आरके तिवारी, जल शक्ति मंत्रालय के सचिव परमेश्वरन अय्यर, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल व संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# मानव शृंखला बनाकर बताया, न खाएं तंबाकू

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रैली और पेंटिंग प्रतियोगिता के जरिए बच्चों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में बालिका इंटर कॉलेज श्री नारायण आश्रम में मंगलवार दिनांक ०४.०२.२०२० को मानव शःखला बनाकर तंबाकू का सेवन न करने का संदेश भी दिया गया।

# यात्रियों की हर संभव मदद करें आरपीएफ कर्मी

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी)/उत्तर मध्य रेलवे रविंद्र वर्मा ने आरपीएफ कर्मियों को रेल यात्रियों से नम्रता से पेश आने की सलाह दी, साथ ही यात्रियों को सुरक्षा संबंधी या अन्य कोई असुविधा है तो उनकी हर संभव मदद की जाये। उक्त बातें पीसीएससी ने डीआरएम कार्यालय प्रयागराज में आयोजित अपराध संगोष्ठी में कहीं। इसके साथ ही ड्यूटी पर जवान और अफसरों को हर पल अलर्ट मोड में रहने की हिदायत भी दी और जवानों को निष्ठापूर्वक ड्यूटी करने का भी मंत्र दिया। उन्होने आरपीएफ जवानों की समस्याएं भी सुनीं। पीसीएससी का पद भार ग्रहण करने के बाद पहली बार डीआरएम ऑफिस पहुंचे रविंद्र वर्मा ने सीनियर डीएससी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सीनियर डीएससी मनोज कुमार, पीके ओझा आदि मौजूद रहे।

# पिछले पांच वर्षो में ६३ लाख टन दलहन की हुई खरीद -नरेन्द्र सिंह तोमर




प.सू.का/नईदिल्ली। संयुक्त राष्ट्र विश्व दलहन दिवस समारोह का नई दिल्ली में उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय कःषि और किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि देश में दलहनों का उत्पादन बढ़ाने में सरकार की पहलों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं और सरकार इसके उत्पादन के लिए किसानों को लाभकारी कीमत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिनांक १०.०२.२०२० को नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि कःषि और ग्रामीण विकास क्षेत्रों के लिए ३ लाख करोड़ रु के बजटीय आवंटन से यह पता चलता है कि सरकार इस क्षेत्र पर ध्यान दे रही है। ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन के सहयोग से नेफेड द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। त्रिपुरा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री मनोजकांति देब, ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन चेयरपर्सन सिंडी ब्राउन, नेफेड के अध्यक्ष डॉ. बिजेन्द्र सिंह और केंद्र तथा राज्य सरकारों के अधिकारी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्यायें

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने को सर्किट हाऊस, प्रयागराज में महिला जन सुनवाई/समीक्षा बैठक ऊषा रानी सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता मे दिनांक ०५.०२.२०२० को की गयी। महिला जन सुनवाई में पीड़ित महिलाओं ने अपनी समस्याओं को सदस्य, राज्य महिला आयोग के समक्ष रखी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरण को लम्बित न रखा जाय बल्कि उसका मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय।

जनसुनवाई में आये हुए कुछ प्रकरणों में सम्बन्धित थानों द्वारा एफआईआर न दर्ज करने पर नाराजगी जतायी। मौके पर ही ०५ मामलों में एफआईआर भी दर्ज करायी गयी। कुछ प्रकरणों में सदस्य ने खुद भी मौके पर जाकर प्रकरण की वास्तविक स्थिति से अवगत होंगी। महिला जन सुनवाई में कुल दो दर्जन से अधिक प्रकरण सुनवाई के लिए आयें, जिनमें से कुछ प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। महिला आयोग की जनसुनवाई में में जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# रेलवे ने जारी किया जेई का परिणाम, १४४४ अभ्यर्थी हुए सफल

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। रेलवे भर्ती बोर्ड इलाहाबाद की ओर से कराई गई जूनियर इंजीनियर (जेई), डिपो मैटेरियल सुपरिटेंडेंट (डीएमएस) और केमिकल एंड मेटलॉजिकल असिस्टेंट (सीएमए) की भर्ती परीक्षा का फाइनल रिजल्ट सोमवार दिनांक १०.०२.२०२० को जारी कर दिया गया। जिसमें कुल १४४४ अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। जिसमें जेई के १४००, डीएमएस के आठ और सीएमए के ३६ अभ्यर्थी शामिल रहे। इनकी नियुक्ति उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे और डीजल रेल इंजन कारखाना वाराणसी में शीघ्र ही कराई जाएगी।

जेई की विभिन्न कैटेगरी के लिए आरआरबी की ओर से डीएमएस और सीएमए के कुल १४४६ पदों के लिए आवेदन मांगा गया था जिसके लिए २.१० लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इस पूरी प्रक्रिया में दस अभ्यर्थी अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित किए गए।

आरआरबी इलाहाबाद के चेयरमैन आरए जमाली ने बताया कि परीक्षा का परिणाम आरआरबी इलाहाबाद की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसमें अभ्यर्थी अपने कट ऑफ मार्क्स भी देख सकते हैं।

# समय-पालन रैंकिंग में पूर्व मध्य रेल ५वें स्थान पर

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों के समयबद्ध परिचालन की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में ११ फरवरी, २०२० को पूर्व मध्य रेल ने समय पालन में छलांग लगाते हुए एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में भारतीय रेल के १६ क्षेत्रीय रेलों में ५वाँ स्थान प्राप्त करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। समय पालन में यह रैकिंग पिछले तीन वर्षो के किसी भी तिथि को प्राप्त रैकिंग की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है। इसके पूर्व वर्ष २०१८ में ०३ अक्टूबर एवं वर्ष २०१६ में ०२ अगस्त को समय पालन में पूर्व मध्य रेल द्वारा समस्त भारतीय रेल में छठा स्थान प्राप्त किया गया था जबकि इस बार वर्ष २०२० में ११ फरवरी को अब तक प्राप्त रैकिंग की तुलना में छलांग लगाते हुए ५वां स्थान प्राप्त किया गया है। पूर्व मध्य रेल में एक्सप्रेस ट्रेनों का समय पालन दर लगभग ८६ प्रतिशत रहा। इनमें सोनपुर, धनबाद तथा दानापुर मंडल में ११ फरवरी, २०२० को ६० प्रतिशत से भी अधिक ट्रेनें अपने नियत समय पर चलीं हैं।

# मोरारी बापू की कथा में सेलेब्रिटी भी होंगे शामिल

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। अरैल तट संगम नगरी पर २६ फरवरी से आयोजित मोरारी बापू की नौ दिनी राम कथा में सिने तारिका सांसद हेमामालिनी, कवि कुमार विश्वास, गायक कैलाश खेर और अभिनेता सुनील शेट्टी समेत कई सेलेब्रिटी शामिल होंगे। वहीं कथा का सजीव प्रसारण २०० से अधिक देशों में किया जाएगा। संत क पा सनातन संस्थान की ओर से आठ मार्च तक मोरारी बापू की रामकथा के भक्ति रस में डुबकी लगाने बड़े कलाकारों के आने की सहमति मिल चुकी है। संस्था प्रतिनिधि के अनुसार कथा सुबह ६.३० बजे से शुरू होकर दोपहर १.३० बजे तक संपन्न होगी।

# अब सिद्धार्थनगर के नाम से जाना जाएगा पूर्वोत्तर रेलवे का नौगढ़ स्टेशन

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। नौगढ़ रेलवे स्टेशन अब सिद्धार्थनगर स्टेशन के नाम से जाना जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ मंडल के इस रेलवे स्टेशन का नाम बदल दिया गया है,और सारी औपचारिकताएं भी पूरी कर ली गई हैं। सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन का कोड अब एसडीडीएन (SDDN) कर दिया गया है। बतादें कि नौगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की कवायद १६८८ में नया जिला बनने के बाद से ही शुरू हो गई थी जिसके लिए गृह मंत्रालय ने दो महिने पहले ही नौगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम सिद्धार्थनगर करने की सहमति दे दी थी।

अब पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर इस स्टेशन का नाम बदलकर सिद्धार्थनगर स्टेशन कर दिया है।

# यक्तिगत आईडी से ई-टिकटों की कालाबाजारी में तीन गिरफ्तार




रे.स.ब्यू./सूत्र.कानपुर। होली के पहले कानपुर में रेलवे के ई टिकटों की कालाबाजारी बढ़ गई है। आरपीएफ की क्राइम ब्रांच टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में साइबर कैफे पर छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जो आईआरसीटीसी की व्यक्तिगत आईडी पर बने टिकटों का व्यापार करते थे। बतादें कि ई टिकटों का कारोबार करने के लिए आईआरसीटीसी व्यावसायिक आईडी देता है और इसके लिए शुल्क वसूलता है और व्यक्तिगत आईडी आम लोगों के लिए होती है। दिनांक १३.०२.२०२० को आरपीएफ टीम ने बर्रा स्थित जेनिथ इंटरप्राइजेज पर छापा मारकर रेल ई-टिकट की कालाबाजारी पकड़ी, जहां पर अलग-अलग व्यक्तिगत आईडी से ई-टिकट बनाए जा रहे थे। कैफे संचालक सुमित आहूजा को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। यहां २० ई-टिकट समेत लैपटॉप, प्रिंटर, मोबाइल फोन, डॉगल और २५०० रुपये नगद बरामद किए गए। दूसरी ओर कल्यानपुर में दो पर्सनल यूजर आईडी से बने टिकटों की कालाबाजारी पकड़ी गई। यहां पर १६ ई-टिकट समेत मानीटर, प्रिंटर, मोबाइल फोन, सीपीयू, एटीएम, बैंक पासबुक और ५३०० रुपये नगद जब्त कर कैफे संचालक रितेश तोमर को गिरफ्तार किया गया। अलग-अलग थानों की आरपीएफ पोस्ट इस छापेमारी में शामिल रही।

# कांग्रेस पार्टी बेरोजगारी दूर करने में रही नाकाम : डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने दो दिवसीय कौशल महोत्सव के समापन पर कांग्रेस पर हमला बोला। गुरुवार दिनांक १३.०२.२०२० को दीनदयाल हस्तकला संकुल बड़ालालपुर में स्थित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान कहा कि ६० सालों तक देश में राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने बेरोजगारी दूर करने के लिए कुछ नहीं किया। राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए उन्होने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी बेरोजगारी पर चिल्लाते हैं। उन्हें बनारस आकार देखना चाहिए कि यहाँ दो दिन के अंदर १६०० युवाओं को घर से बुलाकर नौकरी दी गई। कांग्रेस के युवराज पर तंज कसते हुए डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी के लिए यहां २५ हजार की नौकरी रखी है। कौशल महोत्सव में देश की ६५ कंपनियों ने युवाओं को रोजगार दिया। दो दिवसीय कौशल महोत्सव में सौंदर्य और कल्याण, कृषि,खुदरा, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑटोमोबाइल, चमड़ा, सहित २० क्षेत्रों के प्रमुख संगठनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।



## सभी नवनियुक्त डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव

मो. 9793956044, 9935224867

# दिल्ली चुनाव के नतीजे देश के लिए शुभ संकेत-अखिलेश यादव



रे.स.ब्यू./सूत्र.। लखनऊ सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली विधानसभा के नतीजों पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि यह नतीजे देश की शांति व विकास के लिए शुभ संकेत व स्वस्थ संदेश है। उन्होंने ट्वीट के माध्यम से कहा कि दिल्ली के नतीजे बता रहे हैं कि भारतीय आज भी सामाजिक व राजनीतिक रूप से समझदार हैं धर्म जैसे व्यक्तिगत विषय को राजनीति में घसीटकर अपना सियासी फूल खिलाने वालों के खिलाफ हैं। दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक बार फिर करारी हार मिली है। २०१५ की तरह भाजपा इस बार भी सिंगल डिजिट में ही पस्त गई है।

# ट्रेन से कट कर महिला ने दी जान

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। जगतबेला रेलवे स्टेशन व बेला रेलवे गेट के मध्य चिलुआताल थाना क्षेत्र में गुरुवार दिनांक १३.०२.२०२० की रात रेलवे ट्रैक से ट्रेन से कट कर महिला की मौत हो गई।

स्टेशन मास्टर की सूचना पर शुक्रवार सुबह क्षेत्रधिकारी कैम्पियर गंज दिनेश कुमार सिंह चिलुआताल प्रभारी सूर्यभानसिंह भी अपने दल बल के साथ पहुच कर जांच पड़ताल कर रहे हैं। घटना स्थल जीआरपी रेलवे क्षेत्र के होने के कारण लाश को जीआरपी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला पारिवारिक कलह के कारण जगतबेला स्टेशन आउटर के पास कटकर आत्महत्या कर ली।

# माल लदान में धनबाद मंडल ने किया कीर्तिमान स्थापित

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष २०१६-२० के जनवरी माह में औसत रूप से ५६१५ वैगन प्रतिदिन लदान के साथ कुल १२.७१ मिलियन टन का माल लदान किया गया जो पिछले वित्तीय वर्ष के जनवरी माह में किए गए लदान से २.१६: अधिक है।

जनवरी,२०२० में अन्य अग्रणी माल लदान वाले मंडलों में बिलासपुर मंडल द्वारा ५७१२ वैगन प्रतिदिन के साथ ११.६६ मिलियन टन, चक्रधरपुर मंडल द्वारा ५६८६ वैगन प्रतिदिन के साथ ११.८५ मिलियन टन तथा खोरधा रोड मंडल द्वारा ५५६० वैगन प्रतिदिन के साथ ११.२० मिलियन टन का माल लदान किया गया।

वर्तमान वित्तीय वर्ष २०१६-२० के अप्रैल से जनवरी माह तक की अवधि में भी धनबाद मंडल द्वारा भारतीय रेल के सभी मंडलों की अपेक्षा सर्वाधिक माल लदान किया गया। इस दौरान धनबाद मंदल द्वारा औसत रूप से ५६४० वैगन प्रतिदिन लदान के साथ कुल ११८.३२ मिलियन टन का माल लदान किया गया जो पिछले वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक किए गए लदान से ६.७६: अधिक है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी माह तक अन्य अग्रणी माल लदान वाले मंडलों में बिलासपुर मंडल द्वारा ५०६५ वैगन प्रतिदिन के साथ १०६.८० मिलियन टन, चक्रधरपुर मंडल द्वारा ५०६५ वैगन प्रतिदिन के साथ १०६.२३ मिलियन टन तथा खोरधा रोड मंडल द्वारा ४६१५ वैगन प्रतिदिन के साथ १००.२२ मिलियन टन का माल लदान किया गया।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
फोन नं० -०५३२-२४१८०४०
मो० : ६७६३६५६०४४

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामयिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

# राप्ती पार जल्द बसेगा नया गोरखपुर

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। राप्ती नदी के पार आने वाले कुछ समय में एक 'नया' गोरखपुर बनने वाला है। जिसके लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण योजना बना रहा है।

जिसके लिए गीडा ने पहली बार प्राइवेट बिल्डरों, डेवलपरों और प्रमोटरों के माध्यम से ग्रुप हाउसिंग भूखंडों पर कॉलोनी बनाने की दिशा में कदम उठाया है, जहां बिल्डर प्लाट के अलावा मल्टीस्टोरी बिल्डिंग भी बना सकते हैं। जिसके लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

# उत्कृष्टता की खोज को दैनिक प्रयास बनाएं युवा- उपराष्ट्रपति



प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के छात्रों को एक्स्ट्रा म्यूरल लेक्चर श्रृंखला के जरिए भारत २०२० से २०३० दशक के लिए एक विजन, विषय पर शनिवार दिनांक २६.०२.२०२०को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने युवाओं को बदलाव का वाहक बनने और अशिक्षा, आर्थिक असमानता और जाति, पंथ या लिंग के आधार पर सामाजिक भेदभाव जैसी चुनौतियों को दूर करने का नेतृत्व करने का आह्वान किया। नायडू ने गलत सूचना या नफरत भरे संदेशों को फैलाने के लिए गैर-जिम्मेदाराना तरीके से प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृति पर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि समाज में अच्छाई को बढ़ावा देने वाला समाज का नैतिक घेरा अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा की जाती है या ग्रामीण किसानों और कारीगरों को नुकसान होता है तो ऐसे में हम समावेशी विकास नहीं कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने इच्छा जताई की युवा पीढ़ी स्वच्छ भारत सुनिश्चित करने के रास्ते तलाशें।

# सोहनलाल द्विवेदी की जयंती पर कवि-गोष्ठि का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में "सोहनलाल द्विवेदी" जयंती के उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा संगोष्ठि सह कवि-गोष्ठि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक कुमार प्रजापति, वरि. सहायक वित्त प्रबंधक ने "सोहनलाल द्विवेदी" के जीवन एवं उनकी रचनाओं पर विस्तार से अपने विचारों को साझा किया।उनका कहना था कि "सोहनलाल द्विवेदी" एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था थे। उन्हें ही राष्ट्रकवि के रूप में पहचान मिली। वे आजीवन गाँधीवादी मूल्यों पर चलते रहे। अगर हम गाँधीवाद को समझना चाहते हैं तो "द्विवेदी" जी का साहित्य हमारे लिए पथ-प्रदर्शक साबित हो सकता है। मौके पर मौजूद राजभाषा विभाग के वरि. राजभाषा अधिकारी ने "सोहनलाल द्विवेदी" के परिवार से उनका व्यक्तिगत जुड़ाव रहा है और इस अवसर पर बोलते हुए उन्हें अपार प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने विस्तार से उनके जीवन और साहित्य पर बोलते हुए कहा कि वे आजादी के आंदोलन से जुड़े शीर्ष कवियों में शामिल हैं और हिंदी साहित्य के प्रति उनका योगदान हमेशा स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। इनमें शंभू कुमार, निजी सचिव, भंडार विभाग, दीनबंधु कुमार, कार्याधी, भंडार विभाग ने भी अपने विचार रखे।

# प्रयागराज में प्रतिबंधित पॉलीथिन का जखीरा जब्त



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। धूमनगंज के टीपी नगर में नगर निगम के प्रवर्तन दल ने सोमवार दिनांक २४.०२.२०२० की शाम छापा मारकर भारी मात्र में प्रतिबंधित पॉलिथीन का जखीरा बरामद किया। यह दिल्ली से मंगाई गई थी, जिसे अनलोड करते समय गोदाम संचालक समेत तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। गोदाम में करीब २५० बोरी पॉलिथीन जब्त कर ट्रक को सीज कर दिया गया। जोनल अधिकारी मयंक यादव और रविंद्र सिंह की अगुवाई में हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। शाम करीब छह बजे आरंभ हुई छापे की कार्रवाई, रात दस बजे तक चली। गोदाम के मालिक समेत तीन लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अफसरों के मुताबिक काली पॉलिथीन दिल्ली और हरियाणा से मंगाकर यहां बेचे जाने की जानकारी मिली है। जब्त पॉलिथीन नगर निगम मुख्यालय भेजी गई जबकि ट्रक को धूमनगंज पुलिस ने सीज कर दिया। कार्रवाई में जोनल अधिकारियों के साथ प्रवर्तन दल के अफसर और कर्मचारी भी शामिल थे।

# हर व्यक्ति को मिले न्याय, यह सरकार की जिम्मेदारी- प्रधानमंत्री




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक के सबसे बड़े "सामाजिक अधिकार शिविर"- मेगा वितरण शिविर में लगभग २७,००० वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। शनिवार दिनांक २६.०२.२०२० को इस मेगा वितरण शिविर का आयोजन सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना-आरवीवाई और एडीआईपी योजनाओं के तहत किया गया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी सरकार की पहली प्राथमिकता १३० करोड़ भारतीयों, चाहे वे वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, आदिवासी या दलित हों, के हितों की रक्षा करना है। विशाल वितरण शिविर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सभी लोगों को बेहतर जीवन उपलब्ध कराने की सरकार की कोशिश का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश में कई भवनों, ७०० से अधिक रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों को दिव्यांगजनों के लिए सुलभ बनाया गया है।

# प्रयागराज होकर गुजरेगी रामायण एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) काशी महाकाल एक्सप्रेस के बाद एक विशेष पर्यटक ट्रेन रामायण एक्सप्रेस चलाने जा रहा है। ट्रेन प्रयागराज जंक्शन भी आएगी। यह २८ मार्च को ट्रेन दिल्ली से चलने की उम्मीद है। १६ रात और १७ दिन के इस टूर पैकेज में अयोध्या से रामे वरम तक के दर्शन लोग कर सकेंगे जिसकी बुकिंग आईआरसीटीसी ने शुरू कर दी है। दो अप्रैल को रामायण एक्सप्रेस प्रयागराज आएगी। आईआरसीटीसी द्वारा संचालित श्री रामायण एक्सप्रेस में कुल दस कोच रहेंगे। इसमें पांच कोच स्लीपर और पांच एसी थ्री के रहेंगे। इसमें बुकिंग पूरी तरह से पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर होगी।

# भारतीय रेलवे ने दर्ज किया सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने वर्तमान वित्त वर्ष २०१६-२० में अब तक का सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड दर्ज किया है। इस वर्ष में अब तक (०१-०४-२०१६ से २४-०२-२०२०) किसी रेल दुर्घटना में किसी भी रेल यात्री की मौत नहीं हुई है। १६६ वर्ष पूर्व १८५३ में भारत में रेलवे प्रणाली की शुरुआत के बाद से वर्ष २०१६-२० में यह अद्भुत सफलता पहली बार हासिल की गई है।

पिछले ११ महीने में किसी भी रेल यात्री की मौत नहीं होना भारतीय रेलवे द्वारा सुरक्षा में चौतरफा सुधार करने के निरंतर जारी प्रयासों का परिणाम है। रेलवे के लिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, सुरक्षा में सुधार के लिए किए गए उपायों में रेल पटरियों को बड़े पैमाने पर बदलना, प्रभावी तरीके से पटरियों का रख-रखाव, सुरक्षा पहलुओं की कड़ी निगरानी, रेल कर्मचारियों के प्रशिक्षण में धार, सिगनल प्रणाली में सुधार, सुरक्षा कार्यों के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल, परंपरागत आईसीएफ कोचों के स्थान पर विभिन्न चरणों में आधुनिक और सुरक्षित एलएचबी कोचों को लगाना शामिल है। साथ ही बड़ी लाइनों पर मानवरहित लेवल क्रॉसिंग गेटों को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, जिसके परिणाम स्वरूप दुर्घटनाएं खत्म हुई हैं और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को गति मिली है।

राष्ट्रीय रेल संरक्षा को (आरआरएसके) के रूप में वर्ष २०१७-१८ में शुरू की गई निविष्टियों के साथ यह संभव हुआ है। एक लाख करोड़ रुपये की यह राशि अगले पांच वर्ष में खर्च की जाएगी, जिसका वार्षिक व्यय २० हजार करोड़ रुपये है। इस राशि के साथ आवश्यक प्रकृति के अत्यंत महत्वपूर्ण सुरक्षा कार्यों को शुरू करना संभव हुआ और उसके नतीजे स्पष्ट हैं।

# ५ साल में हासिल किया जा सकता है ५ लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य: पीयूष गोयल

प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और रेलवे मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत प्रबंधन प्रतिभाओं के लिहाज से खासा संपन्न देश है। करोड़ों लोगों ने देश सेवा, निगमों की सेवा, उद्यम सेवा और सरकार की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि ५ लाख करोड़ (ट्रिलियन) डॉलर की अर्थव्यवस्था खड़ी करना एक ऐसा लक्ष्य है, जिसके लिए देश की १ अरब ३० करोड़ की आबादी जुट जाए तो आने वाले पांच साल में इसे हासिल किया जा सकता है। पीयूष गोयल नई दिल्ली में अखिल भारतीय प्रबंधन एसोसिएशन (एआईएमए) के ६४वें स्थापना दिवस और १४वें राष्ट्रीय प्रबंधन दिवस के अवसर पर हुए एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। गोयल ने प्रधानमंत्री के अगले पांच साल में ५ लाख करोड़ ड लर की अर्थव्यवस्था तैयार करने के लिए दूरदर्शी लक्ष्य और मिशन को पूरा करने के लिए सभी से एकजुट होने और सहयोग के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया, जिससे भारत को वास्तव में एक सुपरपावर बनाया जा सके। गोयल ने कहा कि एमएसएमई एक ऐसा क्षेत्र है जो सही पहचान पाने का हकदार है, क्योंकि इनमें से कई वास्तव में शानदार कार्य कर रहे हैं। पीयूष गोयल ने एमएसएमई, सार्वजनिक सेवाओं में नवाचार के क्षेत्र में योगदान और प्रबंधकीय पदों पर विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मान हासिल करने वालों को बधाई दी।



# गर्मी का सुख

- गोपाल डालमिया

● जैसे-जैसे है गरमी वैसे-वैसे भाई,
● फलों में मीठा रस भरने, किरणों की गरमी छाई।
● वसन्त ऋतु के तोड़े फल को खट्टे दादी बोली,
● नारंगी अब होंगी मीठी, जो खेली हमने होली।
● गंगा के रेतीले तट पर, खरबूजे हैं उगते,
● बागीचों में फलों से लद कर, टहनी-शाखा झुकतीं।
● काले-काले जामुन को है, बच्चों बीन-बीन कर खाना
● बैंगनी हो गई जीफा, अब कल फिर वापस आना।
● कटहल पक रहा बाग में, खुशबू हैं बतलाती,
● उसे काटने मां हरदम, है चिकने हाथ लगाती।
● तरबूजों का मिलता रस जब, क्यों पीते हो पानी।
● शाही फल लीची मिल जाए, बाकी आनी-जानी ।
● मिले शरीफा पका हुआ तो, तुलना मत तुम करना,
● चीकू मीठा है, या मिसरी, दबाकर सबसे कहना।
● अन्जीरों को दख झाड़ पर मुंह में आता पानी,
● शहतूतों की भरी छाबड़ी देती मेरी नानी।
● फालसों का भरा कटोरा, लेकर बैठा मुन्ना,
● भर-भर मुट्ठी डाले मुंह में, उसमें क्या है चुनना।
● इतने दिनों में आखिर देखो, आम की ऋतु आई,
● हफ्ते-हफ्ते तरह-तरह के, मालन लेकर आई।
● कभी सिन्दूरा, कभी नीलम, कभी है गुलाब खस,
● चूसो लंगड़ा और दसहरी, फेंको गुठली आंस।
● कभी बैंगनपली तो है कभी तोतापरी,
● मीठे सब हैं खा कर देखो, पहुंचो इन्द्रपुरी।
● बिना रवि के तप से, नहीं बनता मधुमय रस,
● कोसो मत तुम गरमी को, फलों को खाओ हंस।

# अयोध्या की भव्यता ऐसी होगी जिसे पूरी दुनिया देखेगी-नृपेंद्र मिश्र

रे.स.ब्यू./सूत्र.अयोध्या। पूर्व आईएएस और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शनिवार दिनांक २६.०२.२०२० को ट्रस्टियों को भव्य राममंदिर के अनुकूल ढांचागत विकास का खाका समझाया। नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि अयोध्या की भव्यता ऐसी होगी जिसे पूरी दुनिया देखेगी। वह उनके साथ केंद्र सरकार की कंपनी एनबीसीसी के पूर्व चेयरमैन व सीएमडी अरुण कुमार मित्तल और निजी क्षेत्र की निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो के प्रमुख इंजीनियर दिवाकर त्रिपाठी भी आए थे। नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि रिपोर्ट तैयार करने के लिए कुशल इंजीनियरों की टीम तय की जाए। इसके बाद ट्रस्ट की बैठक व भूमि पूजन की तिथि तय होगी। सूत्रों के मुताबिक २५ मार्च के बाद ट्रस्ट की बैठक व भूमि पूजन की तिथि नई दिल्ली में तय हो पाएगी।

# उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में एक्स-रे मशीन और ऑपरेशन थियेटर का शुभारम्भ



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल, नई दिल्ली के आपातकालीन विभाग में रेल स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक, डॉ. एच. प्रदीप कुमार ने उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, राजीव चौधरी और अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में दिनांक २७.०२.२०२० को नई एक्स-रे मशीन और आपातकालीन ऑपरेशन थियेटर का शुभारम्भ किया। आपातकालीन विभाग में एक्स-रे विभाग की व्यापक सेवा रोगियों की जान बचाने और उनको शीघ्र एक्स-रे की सुविधा तथा उपचार प्रदान करने में सहयोगी होगी।

रेल स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक, डॉ. एच. प्रदीप कुमार और उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, राजीव चौधरी ने उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की सराहना की और उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा निदेशक, डॉ. एम.बी. शंखवार और उनकी टीम को इन प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ५४ वीं बैठक संपन्न



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। महाप्रबंधक,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे गौतम बनर्जी की अध्यक्षता में अक्टूबर-दिसंबर २०१६ को समाप्त तिमाही के लिए आयोजित राजभाषा समिति की बैठक दिनांक २६.०२.२०२० को संपन्न हुई। इस बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मदों पर समीक्षा की गई। बैठक प्रारंभ के पूर्व मुख्यालय द्वारा तैयार प्रथम ई-पत्रिका 'अरपा प्रवाह' का विमोचन महाप्रबंधक ने किया जिसे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट में देखा जा सकता है। अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विभाग टिप्पणियों में सहज एवं सरल हिंदी का प्रयोग करें। रजिस्टरों एवं डायरियों में प्रविष्टियां मिली-जुली भाषा में करे। हिंदी टायपिंग ज्ञान के लिए कर्मचारियों के साथ-साथ अधिकारियों के लिए भी समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करते रहें। बैठक का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की।

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सांसद को सौंपा ज्ञापन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। किसान जनजागरण अभियान के तहत कांग्रेसियों ने इलाहाबाद सांसद रीता बहुगुणा जोशी और फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर किसानों की स्थिति में सुधार लाने की मांग की है। शुक्रवार दिनांक २८.०२.२०२० को जिलाध्यक्ष राम किशुन पटेल की अगुवाई में सांसद केशरी देवी के घर पहुंचे कांग्रेसियों ने सरकार की आलोचना करते हुए नारेबाजी भी की। उन्होंने कहा कि बीजेपी तमाम घोषणाओं के बावजूद कुछ नहीं कर पाई है। कांग्रेसियों में शहर अध्यक्ष नफीस अनवर, सत्या पांडेय, गोविंद सिंह,आदि मौजूद रहे।

# अब एचआरएमएस मोबाइल एप्प से सभी जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे रेल कर्मचारी



प.सू.का/नई दिल्ली। अब भारतीय रेल के सभी कर्मचारी अपनी सेवा से संबंधित डाटा देख सकेंगे और यदि यह आवश्यक हो तो किसी परिवर्तन के लिए प्रशासन से सम्पर्क भी कर सकते हैं।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने दिनांक २०.०२.२०२० का नई दिल्ली में एचआरएमएस मोबाइल एप्प लांच किया, जिसे सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (क्रिस) ने डिजाइन और विकसित किया है। मोबाइल एप्लीकेशन कर्मचारी को रेलवे में पदभार ग्रहण करने की तिथि से अपने ऐतिहासिक डाटा को देखने की अनुमति देता है।

इसमें वेतन वृद्धि, पदोन्नति, पुरस्कार, स्थानांतरण, पदस्थापन, छुट्टी, प्रशिक्षण और रिकॉर्ड के अनुसार परिवार के गठन तथा सेवानिवृत्ति लाभ के लिए नामांकन से संबंधित विवरण शामिल हैं। अभी तक यह सूचना कर्मचारी को उपलब्ध नहीं थी। यह एप्लीकेशन प्रशासन में पारदर्शिता लाएगा और रेलवे कर्मचारियों तथा प्रशासन के बीच एकल संचार के रूप में काम करेगा। भारतीय रेल में अभी कर्मचारियों की सेवा रिकॉर्ड से संबंधित डाटा की इंट्री तथा वैधता का व्यापक कार्य किया जा रहा है। इस मॉड्यूल में सेवारत ६३ प्रतिशत (११.१६ लाख) कर्मचारियों का डाटा एकत्रित किया गया है।

यह मोबाइल एप्प डाटा में वैधता के लिए आवश्यक परिवर्तन के संबंध में रेल कर्मचारियों को प्रशासन के साथ सम्पर्क का महत्वपूर्ण लिंक प्रदान करता है। कर्मचारी अपने प्रोफाइल तथा प्रोफाइल से संबंधित सूचना तथा अपनी सेवा रिकार्ड की स्कैन की गई कॉपी के अलावा एचआर-एमएस एप्लीकेशन में की गई इंट्री के आधार पर संकलित सर्विस रिकॉर्ड भी देख सकेंगे।

यह भारतीय रेल में मानव संसाधन संबंधी कार्यों के कम्प्यूटीकरण में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# रेलवे बोर्ड ने की तीन गाड़ियों की गति में वृद्धि

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेल यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ-साथ गाड़ियों की गति बढ़ाने हेतु भारतीय रेल निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में रेलवे बोर्ड द्वारा इलाहाबाद मंडल के अंतर्गत गाड़ी सं २२४३१/३२ इलाहाबाद-उधमपुर-इलाहाबाद एक्सप्रेस, गाड़ी सं १२३६७/६८ भागलपुर-आनंद विहार-भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं २२६१३/१४ बांद्रा टर्मिनस-सहरसा-बांद्र टर्मिनस हमसफर एक्सप्रेस इन तीन गाड़ियों की गति ११० kmph से बढ़ाकर १३० kmph कर दी गयी है।

अब ये गाड़ियाँ कम समय में गंतव्य तक पहुचेंगी और यात्रियों के समय में बचत होगी। इलाहाबाद मंडल में प्रमुख गाड़ियाँ १३० kmph की गति से चलती है। गाड़ियों की गति बढ़ाने हेतु निरंतर ट्रैक में सुधार का कार्य किया जा रहा है।

# बालू ठेकेदार की गोली मारकर हत्या

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। पीडीए कालोनी स्थित पाठक मार्केट में हनुमान मंदिर के पास स्थित एक हुक्का बार में शुक्रवार देर शाम दिनांक १४.०२.२०२० को एक बालू कारोबारी को गोली मार कर हत्या कर कर दी गई। स्थानीय लोगों ने हमलावर का पीछा भी किया तो वह हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। घटना के बाद घायल बालू कारोबारी को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटनास्थल पर पुलिस के अलावा सीओ व एसपी यमुनापार दल के साथ पहुंचे और देर रात तक छानबीन करते रहे।

औद्योगिक क्षेत्र के चाड़ी गांव निवासी सुरेश नंदन दुबे खेती किसानी के साथ-साथ दूध की डेयरी भी चलाते हैं। उनका इकलौता बेटा राहुल दुबे बालू एवं मिट्टी सप्लाई का काम करता था।

# करेले को वर, बैगन को सजा

नीम के पेड़ के नीचे साग-सब्जियों की सभा चल रही थी। नेता करेला बोल रहा था- 'अरे ऐसा क्या है, मोटे बेडौल कटहल में। वह भी सब्जी हम भी सब्जी। लेकिन केवल उसी का गुणगान। फल न मिले तो बीज से बीज न मिले तो पत्ती, टहनी किसी से श्राद्ध कर लो पूर्वजों का। सीधे बैकुंठ पहुंच जाएंगे, वेलोग। कटहल न हुआ विष्णु भगवान का वाहन हो गया।

हम चलकर ब्रह्माजी से इस अन्याय के विरूद्ध शिकायत करेंगे, करेले ने सभी को ललकारा।

लेकिन सभी सब्जियां इधर-उधर खिसक लीं। करेला गुस्से में पैर पटकता हुआ अकेला ही चल पड़ा। रूको, रूको, हम भी आ रहे हैं। पीछे से आवाज आई। करेले सेपीछे मुड़कर देखा। उसक`जैसे कंटीले शरीर वाली चार सब्जिया तेजी से चली आरही थीं।

ब्रह्माजी सभी देवताओं के साथ बैठे हुए थे। करेला अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। ब्रह्मा जी सर्वज्ञ थे। सब जानते थे। पर अनजान बनते हुए पूछने लगे -क्या हुआ?

करेला बोला- आपने कटहल को श्राद्ध-कर्म में इतना अधिक महत्व दिया है और हमें कुछ भी नहीं। हम भी तो उसके जैसे कंटीले शरीर वाले हैं?'

ब्रह्माजी करेले की चोटी को पकड़कर हिलाते हुए बोले- तुम्हारे मन में जो कुछ था, से तुमने साफ-साफ कह दिया। इससे मैं प्रसन्न हूं। आज से तुम और ये साथी भी श्राद्ध भोजन का हिस्सा बनेंगे। हां एक बात और तुम सब मेरे सामने जोर-जोर से रोए। श्राद्ध के समय रोना अशुभ माना जाता है। लेकिन मैं यह घोषणा करता हूं कि आज के बाद साधनों की कमी के कारण जो श्राद्ध नहीं कर सकते, वे गरीब व्यक्ति केवल आंसू बहाने से ही श्राद्ध के फल को प्राप्त कर सकेंगे।

इतने में उनकी दृष्टि बैगन पर पड़ी। ब्रह्माजी ने उसे पास आने का संकेत किया। उन्होंने कान जोर से उमेठे। ब्रह्माजी देवताओं से बोले- मन-ही-मन यह भी कटह के समान महत्व चाहता है। पर कपअी अपने मन की ईर्ष्या को छिपाकर ऊपर से शांत बने रहने का ढोंग करता हैं।

ब्रह्माजी बोले- तेरे कपट का दंड यही है कि तू श्राद्ध में कटहल तो क्या, इन सब्जियों के सौवें भाग के बराबर भी नहीं समझा जाएगा।

इतने में कैलाश पर्वत से उतरकर ककड़ी आई। उसकी हरी-भरी, सुंदर सजीली बेल और छोटे-छोटे पीले फूलों से जैसे बहार आ गई थी। हाथ जोड़कर विनम्रता से बोली- भगवन, मेरे लिए क्या आज्ञा है?

ब्रह्माजी उसकी मधुर आवाज और विनम्र स्वभाव से बहुत प्रसन हुए। उससे बोले- तुम्हें तो पार्वती जी के कहने से स्वयं शिवजी ने उत्पन्न किया है। तुम तो हर काम के लिए शुभ मानी जाओगी। कोई भी अनुष्ठापन तुम्हारे बिना पूरा नहीं होगा। करेला दौड़ कर ककड़ी के पास आया। उसने उसकी बेल की ओर हाथ बढ़ाया। ककड़ी डर गई, कहीं यह उसे कुचल न दे। पर नहीं, उसने तो बस उसके तीन-चार फूल तोड़े और ब्रह्माजी के चरणों में चढ़ा दिए।

सभार-शिखर

# दिल्ली विश्वविद्यालय के तदर्थ शिक्षकों की समस्याओं का निवारण शीघ्र- अमित खरे



प.सू.का/नई दिल्ली। मानव संसाधन विकास सचिव अमित खरे ने कहा कि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के तदर्थ शिक्षकों की समस्याओं के बारे में दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने वाइस चांसलर से रिक्त संकाय पदों को भरने और शिक्षकों की पदोन्नति के लिए कदम उठाने को कहा है। अमित खरे दिल्ली के शिवाजी कॉलेज के न्यू विंग के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा प्रणाली की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक जब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए काम करते हैं तो हमें भी शिक्षक समुदाय की चुनौतियों को हल करने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

उद्घाटन समारोह के दौरान खरे ने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि शिवाजी की माता मातश्री जीजाबाई के नाम पर नए विंग का नाम रखना प्रासंगिक और सार्थक दोनों है।

## क्या आप परेशान है भूलने की आदत से

कहीं आप बात करते हुए कुछ भूल तो नहीं जाती जैसे विषय के बारे में या शब्दों के बारे में। कभी-कभी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली चीजों के नाम तक भी आपकी जुबां तक आते-आते न जाने कहां गायब हो जाते हैं, बाद में चाहे याद आ जाए।

इस समस्या को हल्का न लें। हो सकता है स्ट्रेस में रहने के कारण आपके साथ ऐसा हो रहा हो या अल्जाइमर रोग की शुरूआत हो। एक सर्वे के अनुसार दुनिया भर में करीब १ करोड़ ६० लाख लोग अल्जाइमर रोग से पीड़ित हैं। अधिक मरीज विकासशील देशों से हैं। अमरीका में हुई रिसर्च में महिलाएं इसरोग से धिक पीड़ित है। इसकी वजह है स्ट्रेसफुल लाइफ स्टाइल।

एक रिसर्च के अनुसार महिलाएं कम उम्र से ही तनाव में रहने लगती हैं और उम्र के मध्य पड़ाव तक पहुंचते-पहुंचते इसरोग के दायरे में दोगुना तक आ जाती हैं, यानी उनमें अल्जाइमर होने का ८० प्रतिशत खतरा बढ़ जाता है। दूसरी तरफ सामाय जिंदगी जीने वाली महिलाओं को इसकी शिकायत २० प्रतिशत रहती है। सर्वे के बाद इस बीमारी के कारणों को जाना गया।

तनाव यानी..............

बहुत सी महिलाएं हर बात पर तनाव बनाकर रखती हैं इस कारण उनका स्वभाव चिड़िचिड़ा, नर्वस रहना, बेचैन रहना उनकी आदत में शुमार हो जाता है। इससे उन्हें नींद नहीं आती और कोई न कोई डर उन्हें जकड़े रहता है। यहीं टेंशन बाद में अल्जाइमर की वजहबन जाता है। कई मोर्चे एक साथ संभालने पर........ एक मनोचिकित्सक के अनुसार, महिलाओं को एक साथ कई कामों पर ध्यान देना पड़ता है मसलन नौकरी, बच्चे, घर, रिश्तेदार, खरीदारी आदि। उनके दिमाग एक साथ कई चीजों पर चलते रहते हैं। यही कारण हैं कि वे उसी समय में कई काम निपटाना चाहती हैं और काम पूरे न होने पर या सहीन होने पर वे तनाव ग्रस्त हो जाती हैं। बार-बार दिमाग तनाव से भर जाता है और कई रोग घेर लेते हैं। अभी तक इसे बुढ़ापे की बीमारी माना जाता था पर आधुनिक समय में अधिक तनाव ने कम उम्र वालों को भी इसे अपना शिकार बना लिया है। एमिलॉयड फ्लेवस नाम से दिमाग की कोशिकाओं में धीरे-धीरे जमा होने के कारण याद दाश्त कमजोर पड़ती जाती है। जैसे-जैसे कोशिकाएं संकरी होती जाती है वैसे-वैसे यह रोग बढ़ता जाता है। अल्जाइमर डिमेंशिया सेब्रेन के प्रोसेस में दिक्कतें आने लगती हैं। अगर तनाव लगातार बना रहता है तो यह रोग दिन प्रतिदिन बढ़ जाता है। इसके कारण ब्रेन कमजोर होता चला जाता है और व्यक्ति की सीखने की क्षमता, बात करने की क्षमता, रोजमर्रा काम करने की क्षमता कम होती जाती है। इससे वो और परेशन होकर चीजों को रखकर भूलने लगता है। जरूरी बातें दिमाग से निकल जाती है और बात करते करते सही शब्द का प्रयोग नहीं कर पाता। दिमाग सिकुड़ने लगता है और नार्मल बिहेव बनाए रखने की क्षमता कम हो जाती है।

## दिन बसंत के

- बाबूलाल शर्मा 'प्रेम'

उजले पीले दिन बसंत के, रंग-रंगीले दिन बसंत के
छलके घट ज्यों सौरभ रस के गीले-गीले दिन बसंत के।
चम्पा महके सांस-सांस में, बेला लहके आस-पास में
चंदन वन के पथ में खोये, चरण चिन्ह ज्यों किसी संत के
पीले-पीले दिन बसंत के।
दबे पांव आये अपनों से, बचपन के भूले सपनों से
फूलों भरी घाटियां लगती, बिखरे ज्यों मोती अनंत के।
घाट-घाट फहरे आंचल से, सांसों बसी प्रीति के पल से
नेह निमंत्रण देने आये, फिर हरकारे दिन-दिगंत के।
उजले पीले दिन बसंत के, रंग-रंगीले दिन बसंत के।

### फार्म -IV
**घोषणा**

रेल समाचार व्यूरों के स्वामित्व एवं अन्य विवरण के संबंध में घोषणा

| | | |
|---|---|---|
| प्रकाशन | : | प्रयागराज |
| प्रकाशन की अवधि | : | पाक्षिक (द्विभाबी) |
| मुद्रक का नाम | : | श्री ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | ५०२, पंचशिला भवन त्रिवेणी रोड, नेतानगर, कीडगंज, प्रयागराज |
| प्रकाशक का नाम | : | श्री ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | ५०२, पंचशिला भवन त्रिवेणी रोड, नेतानगर, कीडगंज, प्रयागराज |
| संपादक का नाम | : | श्री ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | ५०२, पंचशिला भवन त्रिवेणी रोड, नेतानगर, कीडगंज, प्रयागराज |
| संपादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी | | श्री ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |

मैं ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सही है।

श्री ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रकाशक

## रेल-मदद को राष्ट्रीय ई-शासन पुरस्कारों के द्वितीय वर्ग में रजत पुरस्कार हुआ प्राप्त

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल के शिकायत निवारण पोर्टल रेल-मदद को नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय ई-शासन पुरस्कारों के द्वितीय वर्ग में रजत पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार ई-शासन पर आयोजित २३वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान दिया गया। यह सम्मेलन ७-८ फरवरी, २०२० को मुम्बई में आयोजित हुआ था। ई-शासन पहलों के क्रियान्वयन में उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने के लिए प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) हर वर्ष राष्ट्रीय ई-शासन पुरस्कार प्रदान करता है।

डीएआरपीजी को ६ वर्गों में ई-शासन पुरस्कारों के लिए ५०० से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से २० परियोजनाओं को चुना गया था। रेलवे के सभी उपभोक्ता रेल-मदद हेल्पलाइन १३६ (आईवीआरएस, वॉयस और एसएमएस सुविधा सहित) का इस्तेमाल करके रेल- मदद पोर्टल का लाभ उठा सकता है। इसके अलावा रेल-मदद की वेबसाइट railmadad. indian railways. gov.in तथा रेल-मदद एप (एंड्रायड और आईओएस) का भी उपयोग किया जा सकता है।

## पटना में कर्मचारी सेवा पुस्तिकाओं के हस्तांतरण हेतु, सम्मेलन संपन्न

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। कर्मचारी सेवा पुस्तिकाओं के हस्तांतरण हेतु पूर्व मध्य रेल ने दिनांक ०५.०२.२०२० को एक सम्मेलन का आयोजन पटना में किया। इस आयोजन में पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों/इकाईयों सहित पूरे भारतीय रेलवे के १६ क्षेत्रीय रेलवे/उत्पादन इकाईयों के, अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया और ७५० से अधिक सेवा पुस्तिकाओं का अंतर रेलवे/मंडलों से आदान-प्रदान किया गया।

सेवा पुस्तिकाओं के अभाव में कर्मचारियों की पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन निर्धारण व अन्य लाभ प्रदान करने में कठिनाईयां होती हैं। सम्मेलन का आयोजन सुशांत झा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, पूर्व मध्य रेल के निर्देशन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शिवानी, उपमुख्य कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) एवं प्रभात कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी (एमपीपी) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

***किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।***


HAPPY HOLI





MANZOOR KHAN
Approved Contractor
Sanitation Work &
Civil Engineering Work

160, Himmatganj, Allahabad


## नहीं रहे पीएन तिवारी

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। मूलतः कुंडा-प्रतापगढ़ के रहने वाले पीएन तिवारी अब नहीं रहे। १९४६ में बैंक की नौकरी शुरू करने के साथ पीएन तिवारी ने संघर्ष की राह पकड़ ली थी। वह बैंक इंप्लाइज यूनियन के प्रांतीय महामंत्री भी रहे। चेयरमैन जैसा पद उनके सम्मान में सृजित किया गया लेकिन नेता, बनने तक का उनका यह सफर बहुत आसान नहीं रहा। बैंक में नौकरी से पहले उन्हें मजदूरी तक करनी पड़ी।

## मलिन बस्तियों में जाकर बच्चों को शिक्षित करेगी शिक्षा एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी मील ऑन व्हील की तर्ज पर एजूकेशन आन व्हील, शिक्षा एक्सप्रेस का लोकार्पण फीता काटकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिनांक १५.०२.२०२० को किया। शहर के मलिन बस्तियों और पिछड़े इलाकों में जाकर यह वाहन लोगों को शिक्षित करेगा। इसमें सोलर पैनल से लाइट और पंखे की व्यवस्था है तो है ही साथ ही साथ ३० से ३५ बच्चों के बैठने की भी उत्तम व्यवस्था हैं। यह एक्सप्रेस मलिन बस्तियों में जाकर बच्चों को शिक्षित करेगा। इसके अलावा मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। ड्राप आउट बच्चों को भी पढ़ाएगा।



पूर्ण शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम विकसित करेगा। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सिलाई कढ़ाई आदि की व्यवस्था करेगा। नगर आयुक्त गौरांग राठी ने बताया कि ट्रायल के तौर पर रोडवेज की कबाड़ बस को लिया गया है।

## जल्द शुरू होगी प्रयागराज-दिल्ली के बीच तीसरी फ्लाइट

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। देश की राजधानी दिल्ली के लिए प्रयागराज से जल्द ही एक और फ्लाइट उड़ान भरेगी, जिसका संचालन निजी विमानन कंपनी इंडिगो करेगी। इंडिगो द्वारा समय सारिणी जल्द ही जारी की जाएगी। चर्चा है कि दिल्ली के लिए तीसरी फ्लाइट शाम छह बजे यहां से उड़ान भरेगी। वहीं जेट के द्वारा प्रयागराज-इंदौर फ्लाइट बंद होने के बाद टू जेट कंपनी ने प्रयागराज से इंदौर के लिए फ्लाइट चलाने में दिलचस्पी दिखाई दी है।

## संविधान के खिलाफ सरकार कर रही है काम: प्रियंका गांधी

रे.स.ब्यू./सूत्र.आजमगढ़। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा केंद्र और प्रदेश सरकार पर जम कर हमला बोला। बुधवार को आजमगढ़ के बिलरियागंज में घटना के पीड़ितों से मिलने आई कांग्रेस महासचिव ने कहा कि सरकारें संविधान के खिलाफ कार्य कर रही हैं और हमें संविधान की रक्षा करनी होगी। जहां भी सरकार की ओर से जुल्म होगा वहां हम पहुंच रहे हैं और आगे भी पहुँचते रहेंगे।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी बुधवार दिनांक १२.०२.२०२० को बिलरियागंज स्थित सलमान के अहाते पहुंची। जहां सीएए, एनआरसी के मुद्दे पर पांच फरवरी को धरना दे रहीं महिलाओं पर पुलिस कार्रवाई की शिकार लोगों एवं उनके परिजन से मिलीं। उन्होंने कहा कि यहां की रिपोर्ट मानवाधिकार आयोग को भेजूंगी।











## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९९३५२२४८९७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

## इलाहाबाद जं पर काशी महाकाल एक्सप्रेस का हुआ स्वागत



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। यात्रियों की सुविधा हेतु वाराणसी एवं उज्जैन को आपस में जोड़ते हुए IRCTC द्वारा वाराणसी एवं इंदौर के मध्य काशी महाकाल एक्सप्रेस का दिनांक १६.०२.२०२० को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर इलाहाबाद जं एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इलाहाबाद जं पर गाड़ी के आगमन के अवसर पर सांसद इलाहाबाद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी, सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर, सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता ने गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर कानपुर के रास्ते इंदौर के लिए रवाना किया। यह गाड़ी वाराणसी एवं इंदौर के मध्य सप्ताह में दो दिन वाया लखनऊ ,कानपूर एवं एक दिन इलाहाबाद ,कानपुर होकर चलेगी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मन्नू प्रकाश, मुख्य जन संपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।